# URDU (004)
## Class– X

**Theory:** **80 Marks** **Time: 3.00 Hrs.**

| Sections | | Weightage |
|---|---|---|
| A | Reading and Comprehension | 20 Marks |
| B | Writing Skill | 25 Marks |
| C | Grammar | 20 Marks |
| D | Literature (Text Books) | 15 Marks |

## SECTION A : READING AND COMPREHENSION 20 Marks

**Reading Comprehension through Passages**

**1-** Unseen passage- (word limit 100-150 words) 05 Marks
**2-** Unseen stanza 05 Marks
**3-** A passage from text book (Nawa-e-urdu) 05 Marks
**4-** A stanza from text book (Nawa-e-urdu) 05 Marks

***Note- In question number 1,2,3 & 4 questions (objective type/very short answer/short answer type) will be asked on the basis of passage/stanza to assess comprehension, interpretation, analysis, inference, evaluation and vocabulary.***

## SECTION B : WRITING SKILL 25 Marks

**5-** Essay Writing (word limit 250-300 words) 10 Marks
**6-** Letter Writing (Formal or Informal) 04 Marks
**7-** Lesson-based questions/biography (from Nava-e-urdu)(in 100 words) 04 Marks
**8-** Lesson-based questions/biography of a poet (from Nava-e-urdu)(in 100 words) 03 Marks
**9-** Lesson-based questions/biography of a poet (from Gulzar-e-urdu)(in 100 words) 04 Marks

## SECTION C : GRAMMAR 20 Marks

**10-** Verb and its types
*(Fael Mazi, Haal, Mustaqbil, Lazim, Mutadi, Markkab, Naqis, Maroof & Majhool)* 05 Marks
**11-** Figure of Speech *(Ilm Bayan & Ilm Badie)*
*(Tashbiyah, Ista'ara, Kinaya, Sanat Tazaad, Husne Ta'aleel, Talmih)* 05 Marks
**12-** Idioms and Phrases- Definition, Meaning and use in sentences to express meaning. 05 Marks
**13-** Punctuations *(Khatama, Siktah, Rabtah, Sawaliyah, Fajaiyah)* 02 Marks
**14-** Poetry Terms *(Misra'a, shear, Band, Qafiya, Radeef, Maqta'a, Matla'a, Husn-e-matla'a)*
03 Marks

## SECTION D : LITERATURE (TEXT BOOKS) 15 Marks

**15-** Two short answer type questions from *nasari* (Nawa-e-urdu) 2X2=4 04 Marks
**16-** Two short answer type questions from *sheyari* (Nawa-e-urdu) 2X2=4 04 Marks
**17-** Two short answer type questions from Gulzar-e-urdu 2X2=4 04 Marks
**18-** Notes (6 points) on any one of the *Afsana/Ghazal/Nazam/Drama/Sawaneh/Aapbeeti.*03 Marks

***Note-*** ***The questions of 20% weightage (16 marks) will be objective type, out of which 08 multiple-choice questions will be compulsorily asked in the question paper.***

## Internal Assessment- 20 Marks

***Recommended books:***
***(i)- Nawa-e-Urdu*** *published by the NCERT, New Delhi.*
***(ii)- Gulzar-e-Urdu*** *published by the NCERT, New Delhi.*

| नवा–ए–उर्दू | *नज़्म–* |
|---|---|
| *अफसाना–*<br>राजेन्द्र सिंह बेदी– भोला<br>सआदत हसन मन्टू– नया कानून<br><br>*सवान्ह–*<br>अल्ताफ हुसैन हाली– सर सैय्यद का बचपन<br><br>*ड्रामा–*<br>मुहम्मद मुजीब– आज़माइश<br><br>*मज़मून–*<br>सर सैय्यद अहमद खॉ– औरतों के हकूक<br>मौलवी अब्दुल हक़– मखलूत ज़बान<br>मु0 असलम परवेज़– माहोल बचाइये।<br><br>*गज़ल–*<br>सोदा– बहार बे सपर जाम<br>ज़ोक– लायी हयात आऐ, क़ज़ा ले चली, चले<br>शाद अ़जीम आबादी– ढूडों गे अगर मुल्कों–मुल्कों<br>फानी– दुनिया मेरी बला जाने, मंहगी है या सस्ती<br>असगर गोंडवी– आलामे रोजगार को आसान बना दिया<br>यास यगाना चन्गेजी– अदब ने दिल तकाज़े उठाये हैं क्या–क्या। | अकबर इलाहाबादी– जलवाह–ए–दरबार–ए–दहली<br>ज़ोश– गर्मी और देहाती बाज़ार<br>अख्तर शेरानी– ओ देश से आने वाला बता<br><br>*रूबायी–*<br>अनीस– गुलशन में फिरूँ कि सहरा में देखूँ<br>तलूक चन्द महरूम– फितरत की दी हुयी मसर्रत खो कर।<br><br>**गुलजार–ए–उर्दू**<br><br>*अफसाना–*<br>प्रेमचन्द– गिल्ली डन्डा<br>अज़ीम बेग चुगताई– फक़ीर<br>अ़ली अब्बास हुसैनी– आई0सी0एस0<br>किरशनचन्द– दो फर्लांग लम्बी सड़क<br>देवेन्द्र सत्यार्थी– अन्न देवता<br>नदीम अहमद क़ासमी– सुल्तान<br><br>*ख़ाका–*<br>मौलवी अब्दुल हक़– गुदड़ी का लाल–नूर खॉ<br>मुहम्मद तुफैल– जिगर साहब |

## उर्दू विषय में कक्षा 9 व 10 में आन्तरिक मूल्यांकन निम्नवत् किया जायेगा–

| क्र0सं0 | मूल्यांकन बिन्दु | निर्धारित अंक |
|---|---|---|
| 1 | श्रवण कौशल (LISTENING SKILL) | 4 |
| 2 | वाचन कौशल (SPEAKING SKILL) | 4 |
| 3 | परियोजना कार्य –अ) विषयवस्तु, भाषा एवं प्रस्तुति, मौलिकता<br>ब) परियोजना कार्य पर आधारित मौखिकी | 4<br>3 |
| 4 | सतत मूल्यांकन (इकाई परीक्षा) | 5 |
| | **कुल योग** | **20** |

**1. श्रवण कौशल (LISTENING SKILL)- सुनना (LISTENING)**

वर्णित या पठित सामग्री को सुनकर अर्थग्रहण करना, वार्तालाप, वाद विवाद, भाषण, कविता पाठ आदि को सुनकर समझना, मूल्यांकन करना और अभिव्यक्ति के ढंग को जानना।

**श्रवण (सुनना) का मूल्यांकन (ASSESSMENT OF LISTENING)**

परीक्षक किसी प्रासंगिक विषय पर एक अनुच्छेद का स्पष्ट वाचन करेगा। अनुच्छेद तथ्यात्मक या सुझावात्मक हो सकता है। अनुच्छेद लगभग 200 शब्दों का होगा। परीक्षक को सुनते–सुनते परीक्षार्थी अलग कागज पर दिये हुए श्रवण बोध के अभ्यासों को हल कर सकेंगे। अभ्यास रिक्त स्थान पूर्ति, बहुविकल्पीय प्रश्न अथवा सत्य/असत्य का चुनाव आदि विधाओं में हो सकते हैं।

2. **वाचन कौशल (SPEAKING SKILL)- बोलना (SPEAKING)**

- भाषण, वाद–विवाद
- गति, लय, आरोह–अवरोह सहित सस्वर कविता–वाचन
- वार्तालाप और उसकी औपचारिकताएँ
- कार्यक्रम–प्रस्तुति
- कथा–कहानी अथवा घटना सुनना
- परिचय देना, परिचय प्राप्त करना
- भावानुकूल संवाद–वाचन

**वार्तालाप की दक्षताएँ**

**टिप्पणी–** वार्तालाप की दक्षताओं का मूल्यांकन निरंतरता के आधार पर परीक्षा के समय होगा।

**वाचन (बोलना) का मूल्यांकन (ASSESSMENT OF SPEAKING)**

- चित्रों के क्रम पर आधारित वर्णनः इस भाग में अपेक्षा की जाएगी कि परीक्षार्थी विवरणात्मक भाषा का प्रयोग करें।
- किसी चित्र का वर्णनः (चित्र लोगों के या स्थानों के हो सकते हैं।)
- किसी निर्धारित विषय पर बोलना जिससे वह अपने व्यक्तिगत अनुभव का प्रत्यास्मरण कर सकें।
- कोई कहानी सुनना या किसी घटना का वर्णन करना।

**टिप्पणी–**

1. परीक्षण से पूर्व परीक्षार्थी को तैयारी के लिए कुछ समय दिया जाय।
2. विवरणात्मक भाषा में वर्तमान काल का प्रयोग अपेक्षित है।
3. निर्धारित विषय परीक्षार्थी के अनुभव संसार के हों जैसे– कोई चुटकुला या हास्य–प्रसंग सुनाना, हाल में पढ़ी पुस्तक या देखे गये सिनेमा की कहानी सुनाना।
4. जब परीक्षार्थी प्रश्न पत्र प्रारम्भ कर दें तो परीक्षक कम से कम हस्तक्षेप करें।

3. **परियोजना कार्य (PROJECT WORK)**

विद्यार्थी को शैक्षिक सत्र में विषय से सम्बन्धित एक प्रोजेक्ट कार्य करना होगा। विद्यार्थी प्रोजेक्ट कार्य हेतु विषय से सम्बन्धित किसी भी टॉपिक का विषयाध्यापक से परामर्श कर चयन कर सकता है।

4. **सतत मूल्यांकन–इकाई परीक्षा (CONTINUOUS ASSESSMENT- UNIT TEST)**

**कक्षा 9–** सत्र में कुल 04 इकाई परीक्षायें होंगी (02 इकाई परीक्षायें अर्द्धवार्षिक परीक्षा से पूर्व तथा 02 अर्द्धवार्षिक परीक्षा के उपरान्त)। अर्द्धवार्षिक परीक्षा के परीक्षाफल निर्माण हेतु प्रथम दो इकाई परीक्षाओं (प्रथम व द्वितीय) में से अधिक प्राप्तांक वाली इकाई परीक्षा के अंक लिये जायेंगे तथा इन अंकों को 05 के भारांक में परिवर्तित किया जायेगा। इसी प्रकार वार्षिक परीक्षा के परीक्षाफल निर्माण हेतु अन्तिम दो इकाई परीक्षाओं (तृतीय व चतुर्थ) में से अधिक प्राप्तांक वाली इकाई परीक्षा के अंक लेकर इन अंकों को 05 के भारांक में परिवर्तित किया जायेगा।

**कक्षा 10–** सत्र में कुल 03 इकाई परीक्षायें (02 इकाई परीक्षायें अर्द्धवार्षिक परीक्षा से पूर्व तथा 01 अर्द्धवार्षिक परीक्षा के उपरान्त) तथा 01 प्री–बोर्ड परीक्षा होगी। अर्द्धवार्षिक परीक्षा के परीक्षाफल निर्माण हेतु प्रथम दो इकाई परीक्षाओं (प्रथम व द्वितीय) में से अधिक प्राप्तांक वाली इकाई परीक्षा के अंक लिये जायेंगे तथा इन अंकों को 05 के भारांक में परिवर्तित किया जायेगा। परिषदीय् परीक्षा के आन्तरिक मूल्यांकन हेतु तीन इकाई परीक्षाओं में से सर्वाधिक प्राप्तांक वाली इकाई परीक्षा के अंक लेकर इन अंकों को 05 के भारांक में परिवर्तित किया जायेगा।

********